## सार समाचार

### पं. शेखर जोशी राष्ट्रीय परशुराम सेना के उज्जैन जिला ग्रामीण अध्यक्ष पद पर हुए नियुक्त



**नागदा।** राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि ओरा एवं प्रदेश सचिव दीपक पप्पी शर्मा की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुनील शर्मा द्वारा पं. शेखर जोशी को उज्जैन जिला ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति से युवाओं में हर्ष व्याप्त है तथा जोशी की नियुक्ति से उज्जैन जिले के परशुराम सेना संगठन को मजबूती प्रदान होगी। पं. जोशी की नियुक्ति पर प्रदीप शर्मा, कालीचरण शर्मा, खगेन्द्र शर्मा, कृष्णकान्त लाला शर्मा, सुधीर शर्मा, रामकिशोर शर्मा, सुरेश शर्मा, चन्द्रशेखर त्रिवेदी, रविन्द्रकुमार शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, सचिन शिकारी, आदि ने जोशी को बधाईयां प्रेषित की एवं वरिष्ठो के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### पेंशनरों का सम्मान समारोह कल

**सीहोर।** शनिवार को मप्र विमं पेंशनर एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 7 नवंबर को दोपहर 1 बजे स्थानीय गीता भवन बस स्टैंड सीहोर में दीपावली मिलन समारोह व सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दीपावली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय रहेंगे। विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर के साथ ही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दामोदर राय, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण वारिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### पति-पत्नी विवाद के बाद पति ने फांसी लगाई

**उज्जैन।** सुबह पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। पत्नी घर के बाहर जाकर बैठ गई तभी पति ने दूसरी मंजिल स्थित कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजेश पिता गोपाल 33 वर्ष निवासी गांधी नगर नागझिरी मजदूरी करता था। सुबह उसका पत्नी चंदा से किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद चंदा घर के बाहर आकर बैठ गई तभी राजेश ने दूसरी मंजिल स्थित कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि भाई राजा ने उसे फंदे पर लटके देखा और उतारकर जिला अस्पताल लाये जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर ने राजेश को मृत घोषित कर दिया।

### बैंक के फील्ड मैनेजर को नकाबपोश बदमाशों ने लूटा

**उज्जैन।** अंधेरे का फायदा उठाकर तीन नकाबपोश बदमाशों ने रिकवरी करके लौट रहे निजी बैंक के फील्ड ऑफिसर से 1 लाख 66 हजार रुपए की लूट कर दी। घटना शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे की बताई जा रही है। मामले में पुलिस अज्ञात बदमाशों की खोजबीन में जुटी है। पुलिस ने बताया कि पवासा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे मां उमिया माता कोल्ड स्टोरेज के पास मक्सी रोड पर मोटरसाइकिल से सवार होकर आ रहे निजी बैंक के फील्ड ऑफिसर कृष्णपाल पिता नरबत सिंह ठाकुर निवासी महावीर बाग कॉलोनी इंदौर रोड के साथ 3 बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। कृष्णपाल ठाकुर ने पुलिस को बताया कि मोटरसाइकिल से कृष्णपाल और उसका दोस्त नंदकिशोर गांव की ओर से लोन की रिकवरी करके आ रहे थे। घटना के समय उनके पास रिकवरी की राशि करीब एक लाख 66 हजार रूपए बैग में रखे थे। कोल्ड स्टोरेज के समीप चेहरे पर कपड़ा बांधकर मोटरसाइकिल पर आए तीन बदमाशों ने पास आकर लात मारकर दी। संतुलन बिगडने के बाद हमारे गिरते ही हमें घेरकर एक बदमाश ने पिस्टल निकालकर हमारे ऊपर तान दी। इसी दौरान एक अन्य बदमाश ने रुपए से भरा बैग लेकर मोटरसाइकिल पर बैठकर उज्जैन की ओर फरार हो गए।

# प्रदेश का गौरव सुनहरे अक्षरों में लिखा गया हैं: मीणा





**रायसेन।**

**मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के 5 वे दिन आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के अध्यक्ष यशवंत मीणा ने कहा कि हमारे प्रदेश का गौरव अब सुनहरे अक्षरों में लिखा गया हैं। क्योंकि यह भूमि बीरों की भूमि हैं और जन नायकों की भूमि है।**

इस पावन धरती पर वीरान्गना झांसी की राशि लक्ष्मी बाई अहिल्याबाई होलकर अवंति बाई टंट्या भील चन्द्रशेखर आजाद राजा छत्रसाल सहित अनेक वीरों इस पावन धरती पर जन्म लिया और देश की आजादी में जन में जन नायकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। ऐसे जन नायकों और वीरों को हम नमन करते हैं और हमेशा उनको याद करते है। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जीवन में सफ्लता के लिए और आगे बड़ने के लिए गुरू और शिक्षकों का मार्गदर्शन बहुत जरूरी है। और हमारे जिले में अच्छे शिक्षक हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित हो चुके है।

बच्चों को अपने अपने शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कराने में अपनी भूमिका का निर्वाहन कर रहे है। शासन की मंशानुसार जिले में सी.एम.राइज स्कूलों की स्थापना के साथ उनका भूमि पूजन भी हो चुका हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में चारो और विकास कार्य हो रहे है। और कहा कि मध्यप्रदेश में स्थापना दिवस से लेकर जो कार्यक्रम लगातार 7 दिनों तक चलाये जा रहे है। जिसमें शासन के द्वारा जनता को मूलभूत सुबिधाओं के साथ बैरोजगारों को रोजगार भी प्राप्त हो रहा हैं।

वहीं कार्यक्रम में अपर कलेक्टर आदित्य रिछारिया ने कहा कि प्रदेश का 67 वा स्थापना दिवस हम मना रहे हैं देश के पहले गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में अनेक रियासतों क्षेत्रों को मिलाकर मध्यप्रदेश का गठन किया गया । आज हमारा प्रदेश हर क्षेत्र में विकास कर रहा हैं और बच्चों से कहा कि देश का भविष्य हैं।

वहीं कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एम.एल.राठौरिया के द्वारा कहा कि स्कूलों में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के अलावा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए। स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रदेश को लोक नृत्य मटकी बुन्देली नृत्य आदि की प्रस्तुति करने वाले छात्राओं को बधाई और शुभकामनाऐं प्रदान की इस कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति चौहान सी.एम.राइज स्कूल की प्राचार्य श्रीमति सीमा शर्मा जिला शिक्षा विभाग के अरूण गोयल के अलावा विद्यायक प्रतिनिधि जमना सेन के अलावा जन प्रतिनिधि और शिक्षक उपस्थित थे।

### अपर कलेक्टर ने प्राचार्यों की बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**इंदौर ।** राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में इंदौर जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में 5 नवम्बर को लोक नाट्य व लोक नृत्य की विधा की जाएगी व 6 नवम्बर को जल, ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों व विधाओं का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु आज अपर कलेक्टर अजयदेव शर्मा व श्री राजेश राठौड़ के द्वारा इन्दौर जिले के सभी शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक कलेक्टर कार्यालय में ली गई एवं इन कार्यक्रमों को आयोजित करने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। बैठक में सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य व उच्च शिक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. मनोहर दास सोमानी भी उपस्थित थे।

## विदिशा की निजी इकाइयों द्वारा निर्मित कृषि उपयंत्रों का विदेश में निर्यात

**विदिशा (निप्र)।**

**एक जिला एक उत्पाद योजना अंतर्गत कृषि उपकरणों के व्यवसाय को गति मिलने के साथ निजी इकाइयां अन्य लोगों को रोजगार से भी जोड़ रही हैं। इनके द्वारा तैयार कृषि उपयंत्रों का विदेश में निर्यात कर लाखों रुपए की विदेशी मुद्रा अर्जित की जा रही है।**

स्थानीय अशोक मेटल वर्क्स, विनोवर फेक्ट्री और संजय उद्योग के संचालकों द्वारा कृषि उपयंत्रों की मेन्यूफेक्चरिंग कर सम्पूर्ण भारत ही नहीं अपितु विदेश में भी विदिशा शहर में बनाए गए उपकरणों को विक्रय किया जा रहा है।

अशोक मेटल वर्क्स कृषि उपकरण लोडर ग्रेडर, रोजर, रिवर्सिबल प्लाऊ आदि उपकरणों का निर्यात किया जा रहा है। इसके दुष्यंत जैन ने बताया कि कृषि उपयंत्र मध्यप्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड में निर्यात किए जा रहे हैं। मैन्युफैक्चर किए गए कृषियंत्र ग्रेडर युगांडा और केन्या में निर्यात कर 50 लाख 39 हजार 170 रु. की राशि अर्जित की गई है।

संजय उद्योग में कृषि उपकरण मैन्युफैक्चर किए जाते हैं। इस संस्था में 100 वर्कर कार्य करते हैं। समर्थ शर्मा बताते हैं कि इसमें मैन्युफैक्चर किये जा रहे कृषि उपयंत्र संपूर्ण भारत समेत केन्या, युगांडा, नाइजीरिया, नेपाल और भूटान में निर्यात किए जा रहे हैं। चाइना की एक कंपनी वायटीओ सबसे बड़े ट्रैक्टर बनाने का कार्य करती है, इस उद्योग में बनाए गए ग्रेडर उपयोग किए जाते हैं। उन्हें चाइना की कंपनी द्वारा बनाए गए ट्रैक्टरों में फिट किया जाता है। संजय उद्योग द्वारा कृषि उपयंत्र ग्रेडर अन्य देशों दक्षिण अफ्रीका और केन्या में निर्यात कर 24 लाख रुपए की राशि अर्जित की गई है।

इसी प्रकार विदिशा विनोवर फैक्ट्री में भी कृषि उपयंत्रों की मैन्युफैक्चरिंग का कार्य वर्ष 1960 से संचालित है। बलराम विश्वकर्मा ने बताया कि उनके यहां बनाए जा रहे उपयंत्र भारत के कई राज्यों में भेजे जाते हैं। इसके अलावा उन्होंने नेपाल में भी 2 सीड ग्रेडर निर्यात कर 32000 रुपये की विदेशी मुद्रा निर्यात से अर्जित की गई है।

### रूपाली, गुनगुन होंगी इंटरनेशनल अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



**सीहोर।** कथक नृत्य कलाकार व प्रशिक्षिका रुपाली सोनी, गुनगुन पंजवानी का बॉलीवुड अभिनेत्री सुधा चन्द्रन के द्वारा इंटरनेशनल अचीवर अवार्ड-2022 से सम्मान किया जाएगा। सम्मान 7 नवम्बर को गोंदिया महाराष्ट्र में होगा। प्रयास एंटरटेनमेंट गोंदिया महाराष्ट्र के डायरेक्टर अविनाश बड़गे व सुस्मिता बड़गे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल अचीवमेंट अवार्ड-2022 के तहत सीहोर मप्र की कथक नृत्य कलाकार व प्रतिभा शिल्पकार रुपाली नवीन सोनी डायरेक्टर सरस्वती कथक कला केंद्र को कथक नृत्य गुरु कलाकार अवार्ड से व गुनगुन पंजवानी की विशेष नृत्य प्रस्तुति देकर मुख्य अतिथि के समक्ष सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बॉलीवुड की अभिनेत्री सुधा चन्द्रन के द्वारा किया जाएगा। इस उपलब्धि पर पंडित वासुदेव मिश्रा, आलोक शर्मा प्राचार्य, नरेन्द्र शर्मा, मांगीलाल ठाकुर आवसीय खेलकूद संस्थान, माहेश्वरी समाज, सिंधी समाज के सभी सदस्य व सीहोर सांस्कृतिक मंच व विभाग से जुड़े सभी सदस्य शामिल हैं।

## लड़कियों को पोर्न वीडियो दिखा रहा था मिशनरी स्कूल का टीचर, आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।**

**उज्जैन जिले की तहसील तराना में मिशनरी स्कूल के एक टीचर की गंदी हरकत सामने आई है। आरोप है कि वह क्लास में लव यू, किस यू जैसी बातें पढ़ाता है। लड़कियों को पोर्न वीडियो दिखाता है। उन्हें बैड टच भी करता है। पीड़ित बच्चियों ने अपने परिजनों को ये बात बताई। आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया गया है।**

मामला उज्जैन जिले के तराना के दिनाह कॉन्वेंट स्कूल का है। जहां शनिवार को पेरेंट्स और हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने नारेबाजी की, साथ ही स्कूल पर पथराव भी किया। दरअसल, स्कूल की 7वीं से 9वीं तक की छात्राओं ने अपने परिजनों को बताया कि उन्हें लिजॉय नाम का टीचर पढ़ाता है। वह कई दिन से क्लास में गंदी हरकतें कर रहा है। पोर्न वीडियो दिखाता है। साथ ही उन्हें टच भी करता है। इस पर परिजन भड़क गए। शिकायत करने वाली बच्चियां 12 से 14 साल की हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को भी टीचर की करतूतों के बारे में बताया था, लेकिन स्कूल मैनेजमेंट ने ध्यान नहीं दिया और मामला दबा दिया। शनिवार को इसी बात को लेकर परिजनों ने जमकर विरोध जताते हुए हंगामा किया। पुलिस ने आरोपी टीचर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पेरेंट्स का आरोप है कि टीचर लिजॉय बच्चियों से छेड़छाड़ करता है। उन्हें क्लास में लव यू, किस यू पढ़ाता है। बच्चों को लव स्टोरी पढ़ाता है। यही नहीं, वह बच्चियों को पोर्न वीडियो भी दिखाता है। आरोप है कि किसी को नहीं बताने की बात कहकर धमकी भी दी गई।

एक बच्ची के पेरेंट्स ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बेटी उदास थी। उसका व्यवहार भी चिड़चिड़ा हो गया था। पहले तो ध्यान नहीं दिया, लेकिन शुक्रवार को बच्ची ने टीचर की करतूत बताई, तो होश उड़ गए। बच्ची ने ये भी बताया कि जब स्कूल में शिकायत की, तो उनसे लेटर लिखवाकर सिग्नेचर करवाए गए। कहा गया कि घर पर मत बताना। स्कूल से निकालने तक की धमकी दी गई।

विरोध के बीच जब स्कूल मैनेजमेंट ने पेरेंट्स को बताया कि आरोपी टीचर यहां नहीं है, तो नाराज होकर कुछ लोगों ने स्कूल परिसर में पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। हालांकि पुलिस ने मोर्चा संभाल कर मामला शांत करवा दिया। एसडीओपी राजाराम आवासीय ने बताया कि आरोपी टीचर लिजॉय के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी टीचर को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। स्कूल मैनेजमेंट के खिलाफ भी जांच की जाएगी।

## शा. चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सीहोर। शासकीय चन्द्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मध्यप्रदेश के गौरव को दृष्टिगत रखते हुए नाटक, लोक नृत्य सहित अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतिका समूह द्वारा मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई।**

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं द्वारा लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसमें मॉडल नर्सरी हायर सेकंडरी स्कूल, चंद्रशेखर आजाद शासकीय पीजी कॉलेज, सीएम राइज मनूबेन उमावि, सरस्वती कत्थक कला केंद्र, शासकीय हाई स्कूल ग्वालटोली, उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर के विद्यार्थियों ने लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

**आत्मनिर्भर मप्र विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता:** सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए युवाओं की भूमिका शीर्षक पर केंद्रित भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें पीजी कॉलेज के अंबर शर्मा, प्राची खुराना, मेघा कीर व किरण बैरागी ने भाग लिया।

### देवउठनी एकादशी पर धूमधाम से मना खाटूश्याम जन्मोत्सव

**नागदा।** देवउठनी एकादशी पर शुक्रवार को श्याम परिवार द्वारा श्याम बाबा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। पंकज नामदेव ने बताया बाबा के जन्मदिन के अवसर पर खाटू श्याम मंदिर शर्मा परिसर पर विशेष गुब्बारे व फूलों से सजावट की गई। शाम 7-30 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ तथा सेकडो श्यामप्रेम सम्मिलित हुए। बाबा की भजन संध्या में नगर के प्रसिद्ध भजन प्रवाहक भुवनेश्वर शर्मा, मुकेश शर्मा, विजय पटेल अनिल शर्मा, रामचंद्र राठौर, योगेश राय ने अपनी मधुर स्वर लहरियों से बाबा की भक्ति का रस बरसाया। जन्मोत्सव के अवसर पर खाटू श्याम बाबा की अखंड ज्योत लगाई, श्याम प्रेमियों ने बाबा को ज्योत देकर बाबा के आकर्षक श्रंगार, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, आतिशबाजी एवं सुमधुर भजनों के साथ भक्ति का आनंद लिया।

## नशे के विरुद्ध पुलिस का जागरुकता कार्यक्रम



**शाजापुर।** पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक जगदीश डाबर के निर्देशन में शनिवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध कार्यवाई करते हुए आबकारी एक्ट के तहत 05 प्रकरणए, अवैध मादक पदार्थों का नशा कराने वाले 31 स्थानों एवं अवैध शराब पीने-पिलाने वाले 37 स्थानों को चैक किया गया। साथ ही नशे के विरुद्ध जिले में 10 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने आमजन के साथ स्कूली विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

## शा. कन्या महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न

**विदिशा (निप्र)।**



**शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में मध्यप्रदेश से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें निबंध, पोस्टर, लोकनृत्य व लोकवाद्य वादन प्रतियोगिताएं सम्मिलित रहीं।**

प्रतियोगी छात्राओं ने मध्यप्रदेश का गौरवशाली इतिहास विषय पर निबंध लिखे, मध्यप्रदेश की लोक संस्कृति पर पोस्टर बनाए, बुंदेलखंडी लोकनृत्य बधाई और निमाड़ का गरबा डांडिया नृत्य की प्रस्तुतियां दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मंजू जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवंबर से मध्यप्रदेश के गौरव के दृष्टिगत एवं जननायक पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. अस्मुरारीनंदन मिश्र एवं संयोजन प्रो. वसुंधरा गवांदे ने किया। कार्यक्रम में डॉ नीता पांडेय, डॉ मलखान सिंह, डॉ ओजस्वी जौहरी, डॉ नीता दीक्षित, डॉ संध्या जैन, डॉ ज्योति मिश्रा, प्रो. किरण जैन, डॉ सी. विजय खेस, डॉ आरती मल्होसिया, डॉ विनिता प्रजापति समेत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने सक्रिय सहयोग किया। इसी क्रम में पर्यावरण सुरक्षा, जागृति एवं ऊर्जा संरक्षण हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ मंजू जैन ने महाविद्यालय परिवार को हरित शपथ दिलाई। इको क्लब की ओर से वन्यप्राणी संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता एवं मध्यप्रदेश की वन संपदा पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ रेखा श्रीवास्तव ने किया।

### राजाबलि जयंती के उपलक्ष्य में अभा बलाई समाज का सम्मान समारोह आज

**शाजापुर।** अखिल भारतीय बलाई समाज शाजापुर इकाई के तत्वाधान में महादानी महाराजा बलि की जयंती के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन आज रविवार को किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक एवं राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दिलीपसिंह बामनिया ने बताया कि उक्त कार्यक्रम समाज विकास और समाज उन्नति के शीर्षक को अंगीकृत करता है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है और समाज विकास करने लगता है। बामनिया ने बताया कि समारोह 6 नवंबर को दोपहर 12 बजे मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एवं सांसद, विधायक अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## नेशनल लोक अदालत में खंडपीठों के समक्ष रखे जाएंगे 7677 प्रकरण

**शाजापुर। आगामी 12 नवम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आपसी समझौते के लिए 24 खंडपीठों के समक्ष हजारों प्रकरण रखे जाएंगे। सुबह 10.30 बजे प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश मोहम्मद अहजर औपचारिक शुभारंभ करेंगे।**

कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार वर्ष 2022 की अंतिम नेशनल लोक अदालत जिला स्तर पर एवं तालुका शुजालपुर, आगर, सुसनेर एवं नलखेड़ा में आयोजित की जाएगी। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 198 के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी सबंधी मामले, एमएसीटी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के मामले, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर बिल संबंधी प्रकरण चोरी के मामलों को छोडकर, सेवा मामले जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित हैं। राजस्व के प्रकरण जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों में लंबित, दीवानी मामले तथा बैंक रिकवरी 138 एनआइएक्ट जल कर एवं विद्युत संबंधी पूर्ववाद प्रीलिटिगेशन आदि राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा।

**24 खंडपीठों पर होगा निराकरण:** नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई के लिए जिले में कुल 24 खंडपीठ गठित की गई हैं, जिनमें से शाजापुर मुख्यालय पर 09 खंडपीठ, तहसील कोर्ट शुजालपुर में 05, आगर में 06, सुसनेर में 02 और नलखेड़ा में 01 खंडपीठों द्वारा मामलों की सुनवाई की जाएगी। नेशनल लोक अदालत के समक्ष न्यायालय में लंबित लगभग 3153 प्रकरण एवं लगभग 4524 पूर्ववाद प्रकरणों सहित कुल 7677 के लगभग प्रकरण सुनवाई के लिए प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही कुल गठित 24 खंडपीठों के लिए पीठासीन अधिकारियों को भी नामित किया गया है। आयोजन की तिथि पर इन्ही खण्डपीठ के पटल पर विभिन्न मामलों को रखा जाएगा एवं आपसी सुलह समझौतों के तहत निराकृत किया जाएगा। इसके साथ ही उपभोक्ता फोरम से संबंधित विचाराधीन मामलों को निपटाने के लिए जिले में पृथक से विशेष खंडपीठ क्रमांक 24 गठित की गई है। उपभोक्ता फोरम शाजापुर की अध्यक्ष जसवीर कौर सासन ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक उपभोक्ता फोरम के मामलों के निराकरण के लिए प्री-सिटिंग बैठकें आयोजित की गई हैं, जिसमें दोनों पक्षों की सहमती एवं स्वेच्छा से लगभग 40 प्रकरणों में समझौतावार्ता सफल रही है। इसके अतिरिक्त लगभग दुगने प्रकरणों में भी राजीनामा होने की संभावना है। अधिवक्ता एवं पक्षकार उपभोक्ता फोरम में लंबित मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते हैं वे यथाशीघ्र उपभोक्ता फोरम में संपर्क कर अपने प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखवा सकते हैं और लोक अदालत का लाभ ले सकते हैं। वहीं जिला न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव राजेन्द्र देवड़ा ने पक्षकारों से अपील की है कि वे अपने राजीनामा योग्य लंबित अथवा पूर्वबाद प्रीलिटिगेशन प्रकरण को नेशनल लोक अदालत के माध्यन से आपसी समझौते से राजीनामा के आधार पर निराकृत कराकर जारी की गई छूट का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।